**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**मुख्यमंत्री**

प्रदेश में इस वर्ष दिसम्बर तक 7 परियोजनाओं से 72 मैगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 3 सौ 25 मैगावॉट संयुक्त क्षमता की 8 अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए सर्वे किया जा रहा है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी होने के बाद इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार वर्ष 2026 तक हिमाचल को देश के पहले हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ऊना ज़िला के पेखूबेला में पिछले वर्ष 15 अप्रैल को जनता को समर्पित की गई 32 मैगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना से इस वर्ष 31 जनवरी तक 14 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया गया है।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ धार्मिक स्थलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रही है। वे आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में संत गुरू रविदास की जयंती पर आयोजित समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि गोंदपुर जयचंद बस्ती में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य इलाकों के साथ–साथ हरोली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है।

**फिन्ना सिंह परियोजना**

केंद्र सरकार ने प्रदेश में दो बड़ी परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ आठ लाख रुपए की धनराशि जारी की है। इस राशि से कांगड़ा जिला में बन रही फिन्ना सिंह परियोजना के लिए 67 करोड़ पांच लाख रुपए मिलेंगे, जबकि हमीरपुर जिला के नादौन की परियोजना को चार करोड़ 58 लाख रुपए का भुगतान होगा। केंद्र सरकार ने ये धनराशि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जारी की है। जलशक्ति मंत्रालय की ओर से इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है।

**रविदास जयंती**

आज देश सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों में संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। इस उपलक्ष्य पर हिमाचल प्रदेश संत गुरू रविदास महासभा द्वारा चम्बा की छलाड़ा पंचायत में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और संत गुरू रविदास मंदिर में पूजा–अर्चना व झंडा चढ़ाने की रस्म निभाई। उन्होंने कहा कि संत गुरू रविदास जी का भक्तिदर्शन व साहित्य मानवता के कल्याण के लिए समर्पित है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने संत शिरोमणी गुरू रविदास की जयंती नादौन विधानसभा क्षेत्र के ढ़गोह गांव में मनाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरू रविदास ने समाज को एकता, समानता, प्रेम और मानवता का संदेश दिया और उनके दोहे व कविताओं ने समाज को भेदभाव मिटाकर समरसता का संदेश दिया। इस बीच, आयुष व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने संत रविदास की जयंती पर जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और उनका प्रत्येक व्यक्ति को अनुसरण करना चाहिए। उधर, सोलन के शामती स्थित मंदिर में रविदास की जयंती पर लोगों ने विधिवत पूजा अर्चजा की। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया।

**सुरेश कश्यप**

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह चरम पर है और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव गंभीरता से नहीं लड़ा गया, इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी इन चुनाव नतीजों से घबरा गई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस में नेतृत्व की लड़ाई आम बात है और पार्टी के विधायक अपने मुख्यमंत्री के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं।

**संजय अवस्थी**

विधायक संजय अवस्थी ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेता नशे के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा को युवाओं की चिंता नहीं है और पिछले भाजपा सरकार के 5 साल के कार्यकाल में पी.आई.टी.–एन.डी.पी.एस. एक्ट लंबित रहा। संजय अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही मात्र चार महीनों में इस एक्ट की अधिसूचना जारी की और नशा माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशा माफिया के विरूद्ध सख्ती से निपटने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स गठित कर रही है।

.......................................................